मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

सोमवार, दिनांक 16 फरवरी, 2026 (माघ 27, शक संवत् 1947)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई

{अध्यक्ष महोदय (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) पीठासीन हुए}

1. राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा

सदन द्वारा राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई.पूर्वाह्न 11:08 बजे श्री मंगुभाई पटेल, राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ.

2. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन में राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का सदस्यों द्वारा छ: छंदों सहित समूहगान किया गया.

3. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण तथा अध्यक्षीय व्यवस्था

पूर्वाह्न 11:12 बजे राज्यपाल महोदय का अभिभाषण प्रारंभ हुआ. अभिभाषण के दौरान व्यवधान की स्थिति निर्मित होने पर अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी कि- "मेरा प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सदन की गरिमा बनाए रखें, परम्परा को तोड़ना उचित नहीं है. माननीय राज्यपाल जी का भाषण ही रिकार्ड में रहेगा, बाकी कुछ भी रिकार्ड में नहीं रहेगा. मेरा सदस्यों से अनुरोध है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर सभी को विषय रखने की अनुमति मिलेगी. हमारे पास अवसर है. हम चर्चा कर सकते हैं. कृपया राज्यपाल जी के अभिभाषण को पूर्ण होने दें. "

अभिभाषण के पश्चात् पूर्वाह्न 11:27 बजे चल समारोह के साथ राज्यपाल महोदय ने सभा भवन से प्रस्थान किया.

{अध्यक्ष महोदय (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) पीठासीन हुए}

4. अध्यक्षीय घोषणा

राज्यपाल महोदय के अभिभाषण के शेष अंश पढ़े हुये माने जाने संबंधी

अध्यक्ष महोदय ने यह घोषणा की कि- "राज्यपाल महोदय द्वारा अपने अभिभाषण को सदन में विस्तार से पढ़ा गया. कुछ अंश पढ़ने से रह गये हैं. उन अंशों को भी पढ़ा हुआ माना जाकर माननीय सदस्यों द्वारा उसमें शामिल शासन की नीतियों के संबंध में चर्चा की जाना चाहिये."

5. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव की प्रस्तुति

श्री अजय विश्नोई, सदस्य ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि :-

"राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं."

श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य ने इसका समर्थन किया.

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

अध्यक्ष महोदय द्वारा यह घोषणा की गई कि- "राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए मैं, मंगलवार, दिनांक 17 फरवरी, 2026 का समय नियत करता हूँ. जो माननीय सदस्य कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन देना चाहते हों, वे आज सोमवार दिनांक 16 फरवरी, 2026 को सायंकाल 4:00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दे सकते हैं."

तत्पश्चात् पूर्वाह्न 11:34 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 17 फरवरी, 2026 (माघ 28, शक संवत् 1947) के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

अरविन्द शर्मा
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल
दिनांक: 16 फरवरी, 2026

....